उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## सोमवार, 11 कार्तिक, शक संवत्, 1937
## ( दिनांक : 02 नवम्बर, 2015 )
### समय : 11 : 00 बजे पूर्वाह्न

1. शुभारम्भ "वन्दे मातरम्" (देखिये नत्थी **"क"**)।

2. निधन के निदेश।

3. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

4. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश वन निगम अधिनियम, 1974 (उत्तराखण्ड में यथा प्रवृत्त) की धारा–26(1) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड वन विकास निगम के वर्ष 2009–2010 एवं 2010–2011का आर्थिक चिट्ठा सदन के पटल पर रखेंगे।

5. वित्तमंत्री, उत्तराखण्ड लेखा परीक्षा अधिनियम, 2012 की धारा 8(3) के अन्तर्गत वार्षिक लेखा परीक्षा प्रतिवेदन भाग–1 व 2 {निदेशालय लेखा परीक्षा (ऑडिट)}, वित्तीय वर्ष 2012–13 को सदन के पटल पर रखेंगे।

6. मुख्यमंत्री, सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 24(5) के अन्तर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा (4) के अधीन जारी की गई गृह विभाग की अधिसूचना संख्याः 977/XX–2/15/03(29)2012, दिनांक 17 जून, 2015, को सदन के पटल पर रखेंगे।

7. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 104(4) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग की वर्ष 2013–14 का वार्षिक लेखा विवरण तथा केन्द्रीय अधिनियम, 2003 की धारा 105(1) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग की वर्ष 2013–14 की वार्षिक रिपोर्ट सदन के पटल पर रखेंगे।

8. मुख्यमंत्री, केन्द्रीय विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 182 के अधीन उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग के विनियमों के निम्नलिखित संकलनों को सदन के पटल पर रखेंगे :–

   (1) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (अनुपालन संपरीक्षा) विनियम, 2015,

   (2) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (राज्यान्तर्गत उन्मुक्त अभिगमन के निबंधन एवं शर्तें) विनियम 2015,

(3) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (अपीलीय प्राधिकरण के समक्ष अपील दायर करने हेतु प्रकिया) विनियम, 2014,

(4) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (परामर्शियों की नियुक्ति) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2014,

(5) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (ऑम्बड्समैन की नियुक्ति एवं कार्य क्षेत्र) (तृतीय संशोधन) विनियम, 2014,

(6) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (कारोबार का संचालन) विनियम, 2014,

(7) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नये एच0टी0 व ई0एच0टी0 संयोजनों का जारी करना, भार में वृद्धि एवं कमी) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2014,

(8) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और गैर जीवाश्म ईंधन आधारित, सह–उत्पादक स्टेशनों से विद्युत आपूर्ति हेतु शुल्क एवं अन्य निबन्धन) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2014 (मुख्य विनियम 2013),

(9) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों और गैर जीवाश्म ईंधन आधारित सह–उत्पादक स्टेशनों से विद्युत आपूर्ति हेतु शुल्क एवं अन्य निबन्धन) (द्वितीय संशोधन) विनियम, 2014 (मुख्य विनियम 2010),

(10) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नवीकरणीय क्रय दायित्व का अनुपालन) (प्रथम संशोधन) विनियम, 2013,

(11) उत्तराखण्ड विद्युत नियामक आयोग (नवीकरण ऊर्जा स्रोतों तथा गैर जीवाश्म ईंधन आधारित सह–उत्पादक स्टेशनों से विद्युत आपूर्ति हेतु शुल्क एवं अन्य निबन्धन) विनियम, 2013 (प्रथम संशोधन) विनियम, 2013।

**9.** सचिव, विधान सभा घोषित करेंगे कि :–

(1) उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 27 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का सातवां अधिनियम बन गया।

(2) उत्तराखण्ड विनियोग विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 27 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का आठवां अधिनियम बन गया।

(3) उत्तराखण्ड आमोद और पणकर अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 31 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का नवां अधिनियम बन गया।

(4) उत्तराखण्ड सहकारी समिति (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 31 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का दसवां अधिनियम बन गया।

(5) उत्तराखण्ड मूल्य वर्धित कर (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 31 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

(6) उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 31 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का बारहवां अधिनियम बन गया।

(7) उत्तराखण्ड खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 31 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का तेरहवां अधिनियम बन गया।

(8) उत्तराखण्ड कृषि उत्पाद मण्डी (विकास एवं विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 21 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 31 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का चौदहवां अधिनियम बन गया।

(9) उत्तराखण्ड गोवंश संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 31 मार्च, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का पन्द्रहवां अधिनियम बन गया।

(10) उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति आयोग विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 01 अप्रैल, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का सौलहवां अधिनियम बन गया।

(11) उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 01 अप्रैल, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का सत्रहवां अधिनियम बन गया।

(12) उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड विधेयक, 2015 जो विधान सभा द्वारा दिनांक 20 मार्च, 2015 को पारित किया गया था, पर महामहिम राज्यपाल की अनुमति दिनांक 06 अप्रैल, 2015 को प्राप्त हो गयी और वह उत्तराखण्ड का वर्ष 2015 का अट्ठारहवां अधिनियम बन गया।

10. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

11. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

12. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

13. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

14. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

15. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा (सदस्यों की उपलब्धियां और पेंशन) (संशोधन) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करेंगे।

16. मुख्यमंत्री, ''उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारियों तथा उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक, 2015'' को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

17. मुख्यमंत्री, ''उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन के चिन्हित आन्दोलनकारियों तथा उनके आश्रितों को राजकीय सेवा में आरक्षण विधेयक, 2015'' को पुरःस्थापित करेंगे।

18. संसदीय कार्य मंत्री, ''भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2015'' को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

19. संसदीय कार्य मंत्री, ''भारतीय स्टाम्प (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक, 2015'' को पुरःस्थापित करेंगे।

20. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम–315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी–**''ग'**)

21. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

---

**(समय : अपराह्न 4:00 बजे)।**

22. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2015–16 की अनुपूरक अनुदान मांगें प्रस्तुत करेंगे।

23. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

आज्ञा से,

**गैरसैंण :**
**दिनांक : 01 नवम्बर, 2015**

**(जगदीश चन्द्र)**
**सचिव।**

उत्तराखण्ड विधान सभा

नत्थी "क"

# वन्दे मातरम्

वन्दे मातरम्। वन्दे मातरम्।।

सुजलाम्।

सुफलाम्।

मलयज शीतलाम्।

शष्य श्यामलाम्।

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

शुभ्र–ज्योत्सना–पुलकित–यामिनीम्

फुल्ल–कुसुमित–द्रुमदल–शोभिनीम्

सुहासिनीम्

सुमधुर भाषिणीम्

सुखदाम्

वरदाम्

मातरम्। वन्दे मातरम्।।

## नत्थी "ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 26 अक्टूबर, 2015 की बैठक में दिनांक 02 तथा 03 नवम्बर, 2015 के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:–**

**नवम्बर, 2015**

**02 सोमवार**

(1) पूर्व राष्ट्रपति डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम के निधन पर शोकोद्‌गार।

(2) औपचारिक कार्य।

(3) अध्यादेशों का सदन के पटल पर रखा जाना।

(4) विधायी कार्य।

(5) अनुदानवार अनुपूरक मांगों का प्रस्तुतिकरण (अपराह्न 04:00 बजे)

**03 मंगलवार**

(1) विधायी कार्य।

(2) अनुदानवार अनुपूरक मांगों पर चर्चा एवं मतदान।

(3) उत्तराखण्ड विनियोग (2015–16 का प्रथम अनुपूरक) विधेयक, 2015 का पुरःस्थापन विचार एवं पारण।

द्वितीय सत्र, 2015
का प्रथम सोमवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## सोमवार, 11 कार्तिक, शक संवत्, 1937

## ( दिनांक : 02 नवम्बर, 2015 )

## नत्थी "ख"

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>07.08.2015 | *1. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में ए0डी0बी0 के अन्तर्गत निर्माणाधीन सड़कों का कार्य पूर्ण हो गया है ? यदि हां, तो कौन सी तथा कहां से कहां तक की सड़क का कार्य पूर्ण हो चुका है ? यदि नहीं, तो कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं एवं कब तक उक्त सड़कों का कार्य पूर्ण हो जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>07.08.2015 | *2. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड विपणन बोर्ड के निर्माण खण्डों में कब से कितने दैनिक वेतन भोगी कार्मिक कार्यरत हैं तथा विभाग द्वारा इन कार्मिकों को राज्य सरकार द्वारा निर्गत संविदा, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमितीकरण किये जाने संबंधी नियमावली के प्राविधानानुसार विनियमित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>07.08.2015 | *03. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013–14 तथा वर्ष 2014–15 में आई दैवीय आपदा के कारण कितने मोटर मार्ग, पैदल मार्ग, पुल पुलिया, विद्युत पोल, विद्युत लाईन, पेयजल योजना, विद्यालय भवन तथा अन्य सरकारी सम्पत्ति की व्यापक क्षति हुई थी उसका विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण हेतु सरकार ने क्या प्रयत्न किय हैं ? क्या सरकार के संज्ञान में हैं कि राज्य के अधिकांश मोटर मार्ग, पेयजल योजना, पैदल रास्ते, पुल पुलिया क्षतिग्रस्त है और धनाभाव के कारण उनका पुर्ननिर्माण नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या कार्य योजना है ? क्या सरकार उसका विस्तृत विवरण सदन में प्रस्तुत करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>07.08.2015 | *04. | **दो विभागों से संबंधित होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के मुख्यालय सहित कपकोट काण्डा, गरूड़ व कौसानी कस्बों में कूड़ा निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं है, जिस कारण जन–साधारण के स्वास्थ पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है ? यदि हां, तो सरकार कूड़ा निस्तारण हेतु क्या नीति बना रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यावरण** |
| श्री हीरा सिंह बिष्ट<br>07.08.2015 | *5. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि गांधी रोड देहरादून स्थित बस अड्डे की भूमि को दोबारा पूर्व लीज के विपरीत क्या सस्ती दर पर किसी कम्पनी को दिया गया है ? यदि कम दर पर दिया गया तो क्यों तथा इससे विभाग को कितनी क्षति पहुंची है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि पहले किस कम्पनी को कितने रूपये में लीज पर दिया गया था उसकी क्या शर्तें थी और अब जिस कम्पनी को दिया गया है उसकी क्या शर्तें हैं ? यदि विभाग को नुकसान हुआ है तो उसका उत्तरदायित्व किसका है ? | **परिवहन** |
| श्री मदन कौशिक<br>07.08.2015 | *6. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में अनाथ एवं अकिंचन मृतक के दाह दफन हेतु अनुदान की राशि बढाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री मदन कौशिक<br>07.08.2015 | *7. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या केन्द्रीय निधि/प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़कों के अनुरक्षण की जिम्मेदारी 5 वर्षों तक ही होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार जिला योजना/राज्य योजना द्वारा निर्मित सड़कों के अनुरक्षण हेतु इसी तरह की नीति सरकार लागू करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशक<br>07.08.2015 | *8. | **स्थगित।**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे की राज्य में वर्ष 2012–13, 2013–14 तथा 2014–15 में स्पेशल काम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत विभिन्न जनपदों को कितनी कितनी धनराशि आवंटित की गयी है तथा इसमें आवंटन की नीति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>10.08.2015<br><br>श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>24.08.2015 | *9. | क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य की जो आंगनबाड़ी कार्यकत्री विगत लम्बे समय से यदि आन्दोलनरत है तो उनकी मांगे क्या हैं ? क्या सरकार उनकी मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **महिला एवं बाल विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>10.08.2015 | *10. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013–14 तथा वर्ष 2014–15 में आपदा के कारण राज्य के मोटरमार्ग, पुल एवं पुलिया क्षतिग्रस्त हो गये थे ? यदि हां, तो कितने तथा उनके पुनर्निर्माण हेतु विभिन्न मदों में कितनी धनराशि प्रस्तावित की गयी ? क्या मंत्री जी प्रगति की विस्तृत आख्या सदन के पटल पर रखेंगे ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>10.08.2015 | *11. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि उनके द्वारा जो गौरा देवी कन्याधन योजना के तहत बी0पी0एल0 परिवार के अतिरिक्त रू0 15,750/– की वार्षिक आय का जो मानक रखा गया है वह आज के समय में काफी कम है ? यदि हां, तो क्या सरकार पेंशन योजना की भांति ही आय का मानक रू0 4,000/– मासिक या रू0 15,750/– से अधिक करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>10.08.2015 | *12. क्या समाज कल्याण मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा 01 अप्रैल 2012 से परित्यक्त विवाहित महिला, मानसिक रूप से विकृत व्यक्तियों की पत्नी व निराश्रित अविवाहित महिलाओं के भरण पोषण हेतु मासिक पेंशन स्वीकृत है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि इसके लिए प्रत्येक जिले हेतु 50 की ही संख्या निर्धारित की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी सभी पात्र महिलाओं को पेंशन देंगे, क्योंकि जिलों की जनसख्या में काफी अन्तर होने के कारण पात्र महिलायें वंचित रह जाती हैं ? | **समाज कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>10.08.2015 | *13. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013–14 से वर्तमान मे प्रदेश में आपदा प्रभावित कार्यों हेतु कितनी धनराशि अवमुक्त की गयी है ? क्या मंत्री जी उसका विधानसभा वार विवरण देने का कष्ट करेंगे ? क्या मंत्री जी अल्मोड़ा जिले के सल्ट विधान सभा में अवमुक्त की गयी धनराशि का योजनावार विवरण देते हुए योजना की वर्तमान स्थिति व वर्तमान तक किये गये भुगतान की स्थिति बताने हुए यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कार्य आवंटन हेतु सरकार द्वारा कोई पारदर्शी नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो तत्संबंधी विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>10.08.2015 | *14. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सन् 2012 से अब तक खरीफ व रबी में आयोजित कृषि महोत्सव से फसलवार अब तक कितने कितने कृषकों ने इनका लाभ लिया है ? क्या मंत्री जी भी बतायेंगे कि उक्त महोत्सवों पर अलग अलग कितना खर्च हुआ तथा कितनी समस्यायें उपस्थित किसानों द्वारा उठाई गई तथा उनमें से कितनों का समाधान हुआ है ? | **कृषि** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10.08.2015 | *15. **स्थगित।**<br>क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एस0सी0पी0 गांव चयन के क्या मानक हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि वित्तीय वर्ष 2014–15 में प्रदेश में जनपदवार निर्माण कार्यों हेतु कितना धन स्वीकृत किय गया है ? | **समाज कल्याण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 10.08.2015 | *16. | क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड प्रदेश के सभी शहरों में कृषि मंडी परिषद विद्यमान है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि मण्डी परिषद में कृषि उपज का प्रतिवर्ष कितना व्यापार होता है ? क्या प्रदेश की सभी मण्डी परिषदें लाभ पर चल रही हैं तथा किन किन मण्डी परिषदों में कृषि उपज के अलावा अन्य वस्तुओं का आदान प्रदान किया जाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार मण्डी परिषदों को अन्य कार्यों से हटा कर सिर्फ कृषि उत्पादन की ओर बढावा देने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 10.08.2015 | *17. | **काल्पनिक प्रस्थापन एवं अस्पष्टता के आधार पर निरस्त।** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रचलित खनन नीति क्या है ? क्या मुख्यमंत्री जी अवैध खनन के साथ साथ खनन में लिप्त माफियाओं से भी परिचित है ? यदि हां तो क्या सरकार सदन अवैध खनन माफियाओं के नाम उजागर करेगी ? यदि नहीं, तो क्या अवैध खनन में सरकार ने किसी के विरूद्ध कार्यवाही की है ? यदि हां, तो क्या सरकार में उनके नाम सदन के पटल पर रखेगी ? | **उद्योग** |
| श्री मालचन्द 11.08.2015 | *18. | क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला में नगदी फसलों, फलों के संरक्षण के लिए शीत गृह की कोई व्यवस्था न होने के कारण काश्तकारों को फसलों एवं फलों का समय पर उचित मूल्य नहीं मिल पाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार नौगांव, पुरोला, नैटवाडा एवं आराकोट में शीत गृह बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 12.08.2015 | *19. | क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में शारदा पावर हाउस, लोहिया हैंड में 31 अगस्त, 2014 को आयी तबाही से प्रभावित हुए लोगों के पुनर्वास हेतु सरकार द्वारा कोई प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो किये जा रहे प्रयासों से प्रभावित को कब तक लाभान्वित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो भविष्य में ऐसी तबाही के बचाव हेतु सरकार द्वारा क्या इन्तजाम किये जा रहे हैं ? | **ऊर्जा** |
| श्री चन्दन राम दास 12.08.2015 | *20. | क्या राज्य सम्पत्ति मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधायक हॉस्टल रेसकोर्स में नये लिफ्ट महीनों से बन्द होने का क्या कारण है ? उक्त लिफ्ट के निर्माण में कितनी धनराशि खर्च हुई ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि धनराशि को संबंधित निर्माणदायी संस्था से वसूलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राज्य सम्पत्ति** |

## स्थगित अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल 21.02.2015 | 01. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत फरवरी 2015 तक राज्य व जिला योजना की कुल कितनी सड़कों हेतु वन भूमि की विधिवत स्वीकृति मिली है ? यदि हां, तो क्या उक्त सड़कों में द्वितीय चरण का पैसा अवमुक्त हुआ है ? यदि हां, तो कितने सड़कों में हुआ है का पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

# अतारांकित प्रश्न

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>07.08.2015 | 01. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के अन्तर्गत सीमान्त क्षेत्र खटीमा के क्षेत्रवासियों के सुचारू आवागमन हेतु नगरा तराई से सनिया नाले तक पुल बनाये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक पुल का निर्माण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>07.08.2015 | 02 | **प्रथम बुधवार के अतारांकित 87 में स्थाना0**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के सीमान्त ग्राम बग्गाचव्वन को मुख्य मोटर मार्ग से जोड़ा जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो सीमान्त ग्राम को मुख्य मोटर मार्ग से न जोड़े जाने के क्या कारण हैं ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>07.08.2015 | 03. | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी से कांसखेत–बांघाट होते हुए चोपड़ा–व्यासघाट–देवप्रयाग तक बस सेवा संचालित करने के संबंध में सचिव, राज्य परिवहन प्राधिकारण उत्तराखण्ड के पत्र संख्या 346/एस0टी0ए0/दस–88/2014 दिनांक 29 जनवरी, 2014 के द्वारा सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पौड़ी गढवाल को लिखा गया है ? यदि हां, तो उपरोक्त मार्ग पर बस सेवा संचालित करने/करवाने की दिशा में सम्भागीय परिवहन अधिकारी पौड़ी गढवाल द्वारा की गयी कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब से उपरोक्त मार्ग पर बस सेवा का संचालन प्रारम्भ किया जायेगा ? | **परिवहन** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>07.08.2015 | 04. | क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत रिंगरोड से उदयपुरी चोपड़ा तक मार्ग का पुल निर्माण किये जाने के संबंध में की गयी कार्यवाही और अब तक हुयी प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित मार्ग का पुनर्निर्माण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>07.08.2015 | 05 | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रामनगर में बस टर्मिनल के निर्माण के संबंध में मा0 मंत्री के पत्र संख्या 07/2014/81/IX/2010 दिनांक 05 फरवरी, 2014 के द्वारा अवगत कराया गया है कि "शासन द्वारा रामनगर में बस टर्मिनल का पुनर्विकास एवं व्यवसायिक उपयोग वी0ओ0टी0 मोड में ही कराया जाना प्रस्तावित है तद्नुसार 04 बस टर्मिनल का पुनर्विकास एवं व्यवसायिक उपयोग वी0ओ0टी0 मोड में ही कराया जाना प्रस्तावित है तद्नुसार 04 बस टर्मिनल के आर0एफ0पी0 डोक्यूमेन्ट तैयार करने की कार्यवाही पी0पी0पी0 सेल स्तर पर गतिमान है, तत्पश्चात् व्यय वित्त समिति (एफ0एफ0सी0) के अनमोदन उपरान्त परिवहन निगम स्तर पर निविदायें आमंत्रित कर अग्रेत्तर कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो तब से वर्तमान तक की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है और दी गयी जानकारी के कियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है ? | **परिवहन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 07.08.2015 | 06 क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के कोटद्वार–सतपुली–बाडियूं–बहेड़ाखाल–डांडानागराजा मार्ग पर नियमित बस सेवा के संचालन के संबंध में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कोटद्वार गढवाल के पत्र संख्या 740/सा0प्रशा0/2012–13 दिनांक 29.09.2012 के द्वारा जनरल मैनेजर गढवाल मोटर्स ओनर्स लि0 कोटद्वार गढवाल को निर्देशित किया गया है ? यदि हां, तो गढवाल मोटर्स ओनर्स लि0 द्वारा बस सेवा के संचालन हेतु की गयी कार्यवाही का विवरण क्या है तथा तबसे अब तक किन किन तिथियों में किन किन बसों को उक्त मार्ग पर संचालित किया गया है ? क्या यह भी सत्य है कि विगत लगभग चार–पांच माह से उक्त मार्ग पर बस सेवा का संचालन नहीं हो रहा है जिसके कारण स्थानीय यात्रियों को अनेक कठिनाईयों से जूझना पड़ रहा है ? यदि हां, तो संभागीय परिवहन अधिकारी के अनेकों निर्देशों के बावजूद भी उक्त मार्ग पर बस सेवा का संचालन न किये जाने के प्रति कौन उत्तरदायी है तथा क्या उक्त मार्ग पर बस सेवा का संचालन पुनः प्रारम्भ किया जायेगा ? | **परिवहन** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 07.08.2015 | 07 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर में मा0 मुख्यमंत्री जी के समक्ष रिंगलिया नामे तोक से हटवाल खेत खाली खेत नामे तोक तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण– (05 किमी) की स्वीकृति के लिए प्रश्नकर्ता के पत्रांक संख्या 1949 दिनांक 30 दिसम्बर, 2014 में प्रदान की गयी थी लेकिन आज तक उसका नवनिर्माण (प्रथम चरण) का शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? क्या यह सत्य है कि मुख्य अभियन्ता पौड़ी द्वारा भी पत्रांक सं0 2262/3 (67) याता0–ग0क्षे0/2014 दिनांक 21 नवम्बर, 2014 शासन को प्रथम चरण की स्वीकृति हेतु भेजा जा चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार नवनिर्माण (प्रथम चरण) का शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 07.08.2015 | 08 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि टिहरी बांध के कारण जनपद टिहरी गढवाल एवं उत्तरकाशी के अनेकों गांव सुगम यातायात से वंचित हो जाने के कारण डोबरा चांटी पुल निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्रीय जनता आन्दोलनरत है ? यदि हां, तो उक्त समस्या के समाधान हेतु सरकार की क्या कोई कार्ययोजना है ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 07.08.2015 | 09 क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत विकास खण्ड मुख्यालय थत्यूड से जिला मुख्यालय नई टिहरी तथा देहरादून के लिए कोई सरकारी बस सुविधा उपलब्ध नहीं है ? यदि हां, तो क्या परिवहन विभाग द्वारा थत्यूड़ से देहरादून तथा थत्यूड़ से नई टिहरी आने जाने हेतु परिवहन निगम द्वारा व्यवस्था की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री ललित फर्स्वाण 07.08.2015 | 10 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत कितनी मिसिंग लिंक सड़कें हैं ? क्या सरकार मिसिंग लिंक सड़कों को पूर्ण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>07.08.2015 | 11 क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के मल्ला दानपुर के बदियाकोट, वाछम, किलपारा, तीख, खाती, सोराग, बोरबलड़ा, कुंवारी आदि ग्राम पंचायतों में आज तक विद्युतीकरण नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थानों पर विद्युतीकरण करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री मदन कौशिक<br>07.08.2015 | 12 क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार राज्य में 2012 से वर्तमान तक कुछ नयी जातियों को अनुसूचित एवं जनजाति, पिछड़ी जाति में सम्मिलित किये जाने हेतु कोई कार्यवाही कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सरकार यह भी बताने का कष्ट करेंगी कि सरकार द्वारा नई जातियों को सम्मिलित करने की कोई योजना बनायी है ? यदि हां, तो क्या ? | **समाज कल्याण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>10.08.2015 | 13. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत देवप्रयाग–व्यासघाट मोटरमार्ग का सी0आर0एफ0 के अन्तर्गत सुधारीकरण हेतु आगणन गठित किये जाने की जानकारी अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, पौड़ी के पत्रांक 1880/25सी दिनांक 10.05.2013 के द्वारा दी गई है ? यदि हां, तो दी गयी जानकारी पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>10.08.2015 | 14. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत रिंगरोड से उदयपुरी चोपड़ा तक मार्ग का पुल निर्माण किये जाने के संबंध में की गयी कार्यवाही और अब तक हुयी प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक प्रस्तावित मार्ग का पुनर्निर्माण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>10.08.2015 | 15. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन वृद्धि हेतु आर्कीट गार्डन निर्माण के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभारी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के पत्रांक वी0आई0पी0 (एम)/7299/XXXV–1(2013(3) दिनांक 14 अक्टूबर, 2013 के साथ प्रमुख सचिव उद्यान, उत्तराखण्ड शासन को अग्रसारित किये जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रमुख सचिव उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा मसूरी में आर्कीट गार्डन का निर्माण कब तक किया जायेगा ? | **उद्यान** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>10.08.2015 | 16 क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि खटीमा–पानीपत राष्ट्रीय राजमार्ग में हो चुके बडे बडे गढ्ढों से आवाजाही में हो रही दिक्कतों एवं आये दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं से निदान हेतु सरकार द्वारा इसके मरम्मत का कार्य किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>10.08.2015 | 17 क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में नैनी–सैनी, गौचर एवं चिन्यालीसौड़ में पूर्व में निर्धारित हवाई पट्टियों से नियमित हवाई सेवायें प्रारम्भ करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कार्य योजना क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नागरिक उड्डयन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री हीरा सिंह बिष्ट<br>10.08.2015 | 18 क्या पर्यावरण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यावरण विभाग में मानकों के अनुरूप अधिकारी/कर्मचारी है तथा क्या उचित चयन प्रक्रिया से इनकी नियुक्तियां की गई है यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि विभाग द्वारा गत 03 वर्षों में कितने कारखानों में निरीक्षण किया गया तथा प्रदूषण फैलाने वाले कितने कारखानों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यावरण** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>10.08.2015 | 19 **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर की प्रत्येक विधान सभा क्षेत्र में वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में लोक निर्माण विभाग एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं के द्वारा कौन कौन से मार्गों का पुनर्निर्माण किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उपरोक्त वर्षों में जनपद ऊधमसिंहनगर में विधान सभा वार कितना कितना धन अवमुक्त किया गया है ? | **लोक निर्माण** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>10.08.2015 | 20 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र काशीपुर में एन0एच0– 309 काशीपुर– बाजपुर मार्ग के रेलवे क्रासिंग पर ओवर ब्रिज न हाने से दिनभर में 8 से 9 घंटे वाहनों का जाम लगा रहता है जिस कारण क्षेत्र की जनता में काफी नारजगी है ? यदि हां, तो इस समस्या के समाधान हेतु क्या सरकार द्वारा ओवर ब्रिज के निर्माण हेतु केन्द्र सरकार को प्रस्ताव प्रेषित कर दिया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस संबंध में हुई अग्रेत्तर कार्यवाही से अवगत करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10.08.2015 | 21 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के जौलजीवी झूलाघाट मोटर मार्ग में वर्ष 2013–14 में दैवीय आपदा से जगह जगह दीवारें टूटी हैं जिस कारण केवल हल्के मोटर वाहन ही चल रहे हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार दीवारों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10.08.2015 | 22 क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के ग्राम पंचायत खेतार कन्याल के वन राजि गांव कुटा ग्राम में विद्युतीकरण हेतु सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10.08.2015 | 23 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत है कि जनपद पिथौरागढ के जौलजीवी बगडीहाट डौडा मोटर मार्ग की लम्बाई 19 कि0मी0 है जिसमें एक कि0मी0 को छोड़कर शेष में डामरीकरण हुआ है ? क्या सरकार छूटे हुये मार्ग में डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>10.08.2015 | 24 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के कठपतिया से दौबांस तक कुल कितनी कि0मी0 सड़क स्वीकृत है तथा किस वर्ष सड़क निर्माण हेतु ठेकेदारों द्वारा अनुबन्ध किया गया है ? क्या अनुबन्धों की शर्तों के आधार पर समय पर कार्य पूर्ण किया गया है ? यदि नहीं, तो क्या संबंधित अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>10.08.2015 | 25 | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के तहसील काण्डा में ग्राम सेरी–भन्तोला के श्रीमती पुष्पादेवी पत्नी श्री भवान सिंह एवं श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री नन्दन सिंह के मकान आपदा से क्षतिग्रस्त हो गये थे ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि आज दिन तक ये लोग किसी प्राईवेट स्कूल में शरण लेकर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं ? क्या इनके भवन पुनर्निर्माण हेतु सरकार द्वारा कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो कब तक पुनर्निर्माण हेतु धन आवंटन किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>11.08.2015 | 26 | क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में अल्पसंख्यक समुदाय के विभिन्न वर्गों के कल्याण एवं विकास हेतु प्रारम्भ किये गये मुख्यमंत्री ''हुनर'' योजना (नई योजना) से लाभान्वित किया जा रहा है ? यदि हां, तो अभी तक प्रदेश में जनपदवार कितने अल्पसंख्यकों को कौशलवृद्धि तथा जीविका अवसर प्रोत्साहन दिया गया है तथा कितनों को रहबर योजना से लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो योजना से लाभान्वित न किये जाने के क्या कारण हैं तथा इस योजना के सापेक्ष जागरूकता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा अभी तक क्या प्रयास किये गये हैं ? | **अल्पसंख्यक कल्याण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>11.08.2015 | 27 | क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि एन0एम0एस0ए0 के अन्तर्गत (ऑन फार्म वाटर मैनेजमेन्ट) (ओ0एफ0डब्लयू0एम0) योजनान्तर्गत सरकार द्वारा प्रदेशवासियों को लाभान्वित किया जा रहा है ? यदि हां, तो अभी तक प्रदेश का कितना है0 क्षेत्रफल अच्छादित किया जा चुका है तथा जनपदवार कितने कास्तकारों को लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री चन्दन राम दास<br>11.08.2015 | 28 | क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में रोडवेज डिपो के निर्माण की कार्यवाही चल रही है ? यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा व बसों का आवंटन बागेश्वर जिले के लिए कब तक होगा ? क्या सरकार रोडवेज डिपो व बसों के आवंटन पर तत्काल विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री चन्दन राम दास<br>11.08.2015 | 29 | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर में विभाग का बालिका आश्रम पद्धति विद्यालय है ? यदि हां, तो वह विद्यालय कब से तथा कहां संचालित हो रहा है ? क्या सरकार उक्त विद्यालय के लिए अलग से भूमि व भवन की व्यवस्था करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री मदन कौशिक<br>11.08.2015 | 30 | **एक से अधिक विभाग होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के आंगनवाडी कार्यकत्रियों/सहायक अध्यापिकाओं को पदोन्नति दिये जाने हेतु सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? क्या सरकार आंगनबाड़ी कार्य कत्रियों/सहायक अध्यापिकाओं को राज्य कर्मचारी का दर्जा दिये जाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>11.08.2015 | 31 **प्रथम गुरूवार के अता0 89 में स्थाना0**<br>क्या सैनिक कल्याण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सैनिक स्कूलों में सैनिक परिवारों के छात्र अध्ययनरत हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि घोड़ाखाल सैनिक स्कूल का आडिटोरियम क्षतिग्रस्त हो गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार ध्वस्त आडिटोरियम की मरम्मत अथवा पुनः निर्माण हेतु धन आवंटित करने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **सैनिक कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>11.08.2015 | 32 **अस्पष्टता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विद्युत यान्त्रिक विभाग द्वारा 10 वर्ष से भी अधिक समय से अत्याधिक महत्वपूर्ण स्थानों पर कार्यरत वर्कचार्ज कर्मचारियों को जो मेहनत, ईमानदारी व सत्यनिष्ठा से अपनी सेवायें दे रहे हैं, उन्हें नियमित नहीं किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि प्रदेश में अन्य विभागों द्वारा 5 वर्ष से कार्य कर रहे वर्कचार्ज कर्मचारियों को नियमित किया जा चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार वर्षों से कार्यरत उक्त सभी कर्मचारियों को नियमित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>11.08.2015 | 33 क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि उनके द्वारा वर्ष 2013–14 में सभी मा0 विधायकों को 100 सौर ऊर्जा संयत्र (स्ट्रीट लाईट) देने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि मा0 विधायकों द्वारा इस हेतु रू0 2000/– प्रत्येक सन्यत्र के आधार पर 2 लाख की राशि उरेड़ा विभाग को देने के उपरान्त भी आज समय तक सौर ऊर्जा संयत्र प्रदान नहीं किये गये हैं ? यदि हां, तो सरकार कब तक इन्हे देने की कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| श्री मालचन्द<br>11.08.2015 | 34 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी विधान सभा क्षेत्र पुरोला में पुरोला बाजार से गुन्दियाटगांव मोटर मार्ग के कुमोला बैण्ड तक मार्ग अत्यन्त संकरा है एवं पुरोला–गुन्दियाटगांव, पुरोला–कुमोला–नौरी मोटर मार्ग होने के कारण इस मार्ग पर अत्यधिक यातायात होता है जिससे इस मार्ग पर हमेशा जाम की स्थिति रहती है ? क्या सरकार इस मार्ग के चौड़ीकरण अथवा पुरोला बाजार से कुमोला बैण्ड तक वैकल्पिक मार्ग बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>11.08.2015 | 35 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत आबली काटल मोटर मार्ग मात्र 01 कि0मी0 शेष रह गया है ? क्या सरकार इस मोटर मार्ग के अवशेष भाग के निर्माण एवं काटल–सिजंलसारी–थत्यूड़–मराड़ मोटर मार्ग से जोडने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>11.08.2015 | 36 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घंडियाला से सरततली मोटर मार्ग का नवनिर्माण– (04 कि0मी0) की स्वीकृति प्रश्नकर्ता पत्रांक संख्या 1683 दिनांक 05 सितम्बर, 2014 में प्रदान की गयी थी लेकिन आज तक उसका नवनिर्माण का शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? यदि हां, तो क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 12.08.2015 | 37. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सैकड़ों ऐसे कितने मोटर मार्ग हैं जिनकी फेज–1 की स्वीकृति के वर्षों बाद भी फेज–2 की स्वीकृति जारी नहीं की गई है ? यदि हां, तो ऐसे मार्गों का जनपदवार विवरण क्या है तथा इन मार्गों के निर्माण हेतु फेज–2 की स्वीकृतियां कब तक जारी की जायेगी ? क्या इस संबंध में तत्कालीन सांसद के पत्रांक 15195/सम/6–निर्माण/2012–13 दिनांक 12 सितम्बर, 2013 के द्वारा भी प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग, उत्तराखण्ड शासन को लिखा गया है ? यदि हां, तो उक्त संदर्भित पत्र में वर्णित तथ्य क्या–क्या है तथा इन पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत 12.08.2015 | 38. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधानसभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत विगत लगभग तीन वर्षों में स्वीकृत सड़कों/निर्माण कार्यों तथा उनके लिए स्वीकृत धनराशि एवं अब तक व्यय की गई धनराशि तथा कार्य प्रगति का सड़कवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सड़कों के अवशेष निर्माण कार्यों को कब तक पूर्ण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत 12.08.2015 | 39 विधान सभा के तृतीय सत्र 2014 के तारांकित प्रश्न संख्या 02 के क्रम में क्या परिवहन मंत्री यह बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के स्थान रामनगर बस टर्मिनल के निर्माण के संबंध में सचिव परिवहन एवं नागरिक उड्डयन, उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या 262/2012/346/IX/2003 दिनांक 03 अक्टूबर, 2012 के द्वारा प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड परिवहन निगम, देहरादून से आख्या मांगी गयी है ? यदि हां, तो उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा आख्या कब और क्या प्रस्तुत की गई है ? क्या यह भी सत्य है कि सचिव मुख्यमंत्री के पत्र संख्या वी0आई0पी/4388/XXXV–1/2013(3) दिनांक 10 अक्टूबर, 2012 द्वारा प्रश्नगत प्रकरण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराया गया है ? यदि हां तो प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा की गई अग्रेत्तर कार्यवाही का विवरण क्या है तथा रामनगर में बस टर्मिनल निर्माण हेतु कब तक वित्तीय संसाधन उपलब्ध होने की संभावना है तथा क्या इसके लिए वर्ष 2015–16 के विभागीय बजट में प्राविधान किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 12.08.2015 | 40 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सीमान्त क्षेत्र खटीमा में वर्ष 2012 से अभी तक कितने सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई तथा कितने सड़कों का निर्माण पूर्ण हो चुका है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में सीमान्त क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़कों की कार्य स्वीकृति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो कार्य स्वीकृति की प्रति सदन में प्रस्तुत की जायेगी ? यदि नहीं, तो कार्य स्वीकृति न दिये जाने के क्या कारण हैं तथा कब तक स्वीकृति प्रदान की जायेगी ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>12.08.2015 | 41 क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के सीमान्त क्षेत्र खटीमा से अमृतसर, चण्डीगढ़ जयपुर एवं गोरखपुर हेतु बस सेवा के संचालन हेतु किये गये अनेकों प्रयासों के बाद भी संचालन न किये जाने के क्या कारण हैं तथा क्षेत्रवासियों की सुविधा तथा निकटतम बस स्टेशन टनकपुर से पर्वतीय पर्यटन स्थलों के दृष्टिगत बस सेवाओं का क्या संचालन किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री चन्दन राम दास<br>12.08.2015 | 42 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र की कई स्वीकृत सड़कें जो वन अधिनियम में वर्षों से हस्तान्तरण की प्रकिया में है पुनः शासन ने स्वीकृत की है ? यदि हां, तो पुनः सड़कों को स्वीकृति करने का क्या कारण है ? क्या उक्त सड़कों को दुबारा स्वीकृत करने से सरकार को वित्तीय नुकसान हुआ है ? यदि हां, तो कितना ? | **लोक निर्माण** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>12.08.2015 | 43 क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के काशीपुर में 132 के0बी0 उपसंस्थान में 11 के0बी0 प्रणाली के संचालन हेतु उपनल द्वारा कितने अभ्यर्थी चयनित किये गये हैं एवं चयनित अभ्यर्थियों द्वारा क्या सरकारी संस्थाओं से अप्रैन्टिसशिप की गई है ? यदि हां, तो चयनित अभ्यर्थियों की तकनीकी योग्यता का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री मालचन्द<br>12.08.2015 | 44 **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में सडक निर्माण किस ग्रेड के अनुसार होता है ? क्या सरकार यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि हिमाचल प्रदेश के ग्रेड के अनुसार सरकार सड़कों का निर्माण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मालचन्द<br>12.08.2015 | 45 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2007–08 में स्पेशल कम्पोनेन्ट प्लान के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी में स्वीकृत मोटर मार्ग गंगराली पुल (सरनौल) से सरबडियार तक का निर्माण कब तक पूर्ण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>12.08.2015 | 46 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधानसभा में विश्व बैंक डिविजन द्वारा मोटर मार्गों का सुधारीकरण, चौड़ीकरण व डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कौन कौन से मोटर मार्गों पर क्या क्या कार्य होने हैं और उसके लिए प्रत्येक कार्य वार कितनी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि कार्य प्रारम्भ करने की तिथि क्या थी और पूर्ण करने हेतु कितना समय दिया गया है ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>12.08.2015 | 47 क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के काली नदी के तट पर ग्राम तीतरी के हंतेश्वर के पास बाढ सुरक्षा हेतु दैवीय आपदा मद में तथा तेरहवें वित्त से धन स्वीकृत किया गया है ? यदि हां, तो कितना व कौन से वित्तीय वर्ष में ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल 12.08.2015 | 48 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या जनपद पिथौरागढ के जौरासी लखती गांव सडक योजना के अन्तर्गत बनी है तथा सडक के जगह जगह डामर उखडने से सड़क क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार सडक का डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन" 12.08.2015 | 49 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 183/2013 के अनुरूप खानुपर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत, भोववाली घाट से रायसी की ओर बाण गंगा पर सेतु निर्माण तथा धर्मपुर से अहियापुर लिंक मार्ग पर चन्द्रपाल पुत्र मुल्की के खेत से श्री किशन के खेत पर रपटे का निर्माण किया जाना अनुबन्धित है ? यदि हां, तो उपरोक्त दोनों कार्य योजनाओं पर पृथक–पृथक रूप से कितनी धनराशि प्रस्तावित है एवं अद्यतन कितनी धनराशि स्वीकृत कर दी गई है ? यदि हां, तो कब तक इन योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 12.08.2015 | 50 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत थत्यूड़ मराड़ मोटर मार्ग के अवशेष भाग का निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 12.08.2015 | 51 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत धनोल्टी–नागटिब्बा मोटर मार्ग जो कि धनोल्टी से मोरियाणा तक है का सरकार निर्माण कार्य प्रारम्भ करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 12.08.2015 | 52 क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत ग्राम सीरी तहसील कपकोट में श्रीमती पुष्पा देवी पत्नी श्री भवान सिंह तथा श्रीमती पार्वती देवी पत्नी श्री नन्दन सिंह के आवासीय मकान वर्ष 2013 में दैवीय आपदासे पूर्ण रूप से ध्वस्त हो चुके हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि दैवीय आपदा मानकों के अनुरूप उक्त को मुवावजा नहीं मिल पाया है ? यदि हां, तो प्रभावितों को मुवावजा कब तक मिल जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री ललित फर्स्वाण 12.08.2015 | 53 क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर में विधान सभा क्षेत्र कपकोट के अन्तर्गत रा0प्रा0 विद्यालय बुरमौला ग्राम पंचायत बड़ेत वि0ख0 कपकोट का भवन विगत वर्ष दैवीय आपदा के कारण पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गया है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि विद्यालय में अध्यापन कार्य अन्यत्र किसी के आवासीय भवन में चल रहा है ? यदि हां, तो दैवीय आपदा मद से विद्यालय भवन के निर्माण हेतु धन आवंटित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 13.08.2015 | 54. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।** क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पर्यटन वृद्धि हेतु आर्कीट गार्डन निर्माण के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित प्रश्नकर्ता के पत्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रभारी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के पत्रांक वी0आई0पी0 (एम)/7299/XXXV-1(2013(3) दिनांक 14 अक्टूबर, 2013 के साथ प्रमुख सचिव उद्यान, उत्तराखण्ड शासन को अग्रसारित किये जाने की जानकारी दी गई है ? यदि हां, तो प्रमुख सचिव उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा मसूरी में आर्कीट गार्डन का निर्माण कब तक किया जायेगा ? | **उद्यान** |
| श्रीमती अमृता रावत 13.08.2015 | 55. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत ट्यूलिप गार्डन का निर्माण किये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 2009/मंत्री/56-उद्यान/2013-14 दिनांक 15 मई, 2013 तथा पत्रांक 2376/मंत्री/56-उद्यान/2013-14 दिनांक 27 मई, 2013 के द्वारा प्रमुख सचिव उद्यान विभाग, उत्तराखण्ड शासन को लिखा गया है ? यदि हां, तो संदर्भित प्रकरण पर प्रमुख सचिव उद्यान, उत्तराखण्ड शासन द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा रामनगर में कब तक ट्यूलिप गार्डन की स्थापना की जायेगी ? | **उद्यान** |
| श्रीमती अमृता रावत 13.08.2015 | 56. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम हरिपुर सोन में भूकटाव की रोकथाम हेतु नाले के निर्माण के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 3635/मंत्री/8-सिंचाई/2013-14 दिनांक 26.08.2013 के संदर्भ में विकास खण्ड प्रभारी रामनगर को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं ? यदि हां, तो दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा प्रस्तावित नाले के निर्माण हेतु की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? | **कृषि** |
| श्रीमती अमृता रावत 13.08.2015 | 57. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के विकास खण्ड कोट के अन्तर्गत परियोजना अधिकारी, बाल विकास परियोजना का कार्यालय भवन वर्षों से अपूर्ण स्थिति में अधर में लटके रहने तथा अपूर्ण भवन के अवशेष कार्य को पूर्ण करवाने के संबंध में तत्कालीन विभागीय मंत्री के पत्रांक 3940/मंत्री/11-बाल विकास/2013-14 दिनांक 16 सितम्बर, 2014 के द्वारा प्रमुख सचिव, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन को निर्देशित किया गया है ? यदि हां, तो शासन द्वारा की गई कार्यवाही और अब तक हुयी प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है तथा कब तक अपूर्ण कार्यालय भवन के अवशेष कार्य को पूर्ण करवाये जाने की संभावना है तथा इस विलम्ब के कारण क्या है तथा इसके प्रति कौन उत्तरदायी है ? | **महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास** |
| श्री हरभजन सिंह चीमा 13.08.2015 | 58. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर में रूद्रपुर कृषि मण्डी समिति को उपलब्ध कराई गई 50 एकड़ भूमि पर मण्डी समिति द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है ? यदि हां, तो कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |

| | | |
|---|---|---|
| कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 13.08.2015 | 59. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 182/2013 के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र खानपुर में स्थित ग्राम–टोड़ा–कल्याणपुर पर उपरगामी सड़क मार्ग बनाकर टोड़ा–जारासी–लण्ढौरा मार्ग प्रशस्त किया जायेगा ? यदि हां, तो उक्त कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? क्या सरकार द्वारा उक्त मार्ग हेतु धनराशि स्वीकृत कर दी गई है ? यदि हां, तो कितनी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 13.08.2015 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के लिए प्रथम चरण की स्वीकृति कितनी सड़कों के लिए है तथा ये स्वीकृतियां कब कब की गई हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि सरकार कितनी सड़कों पर दूसरे चरण निर्माण के लिए बजट आवंटित करेगी तथा प्रत्येक सड़क पर कितना बजट स्वीकृत होगा ? क्या सरकार सभी विधान सभाओं में सड़कों के लिए समान रूप से बजट स्वीकृत करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मदन कौशिक 13.08.2015 | 61. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार में कावड पटरी के निर्माण हेतु क्या कार्यवाही की गयी है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 13.08.2015 | 62. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कपकोट विधान सभा क्षेत्र में उत्तरांचल पॉवर कॉरपोरेशन द्वारा शामा, लीती, गोगीना में विद्युतीकरण का कार्य करवाया जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि विद्युतीकरण का कार्य अत्यन्त धीमी गति से चल रहा है ? यदि हां तो विद्युतीकरण का कार्य कब तक पूर्ण होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 13.08.2015 | 63. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कपकोट विधान सभा क्षेत्र में उत्तरांचल पॉवर कॉरपोरेशन द्वारा गोगीना द्वितीय के ग्राम कीमू में विद्युतीकरण का कार्य करवाया जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि ग्राम कीमू में 15 वर्षों से विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ? यदि हां, तो विद्युतीकरण कार्य कब तक पूर्ण होगा ? | **ऊर्जा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 13.08.2015 | 64. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कपकोट विधान सभा क्षेत्र में उत्तरांचल पॉवर कॉरपोरेशन द्वारा लीती द्वितीय ग्राम रिठकुला में विद्युतीकरण का कार्य करवाया जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि ग्राम रिठकुला में 15 वर्षों से विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ? यदि हां, तो विद्युतीकरण कार्य कब तक पूर्ण होगा ? | **ऊर्जा** |
| श्री ललित फर्स्वाण 13.08.2015 | 65. क्या सैनिक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उपनल के माध्यम से जनपद बागेश्वर में विभाग वार कितने व्यक्ति सेवायोजित हुए हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उपनल के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के अतिरिक्त अन्य व्यक्तियों को सेवायाजित किया जा रहा हे ? यदि हां, तो क्यों ? | **सैनिक कल्याण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 13.08.2015 | 66. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के देवलथल से रा0इ0 कालेज देवलथल तक सडक में डामर उखडने से यातायात बाधित हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार डामरीकरण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>13.08.2015 | 67. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के छडनदेव लीमाटोडा सडक निर्माण हेतु किस वर्ष ठेकेदारों द्वारा अनुबन्ध किया गया है ? क्या समय पर कार्य पूर्ण किया गया हे ? यदि नहीं, तो किन कारणों से ? क्या सरकार द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों पर कोई कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>13.08.2015 | 68. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विकासखण्डों में जडी बूटी मास्टर के पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को समायोजित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल<br>13.08.2015 | 69. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के ग्राम बांकू के तोक सौडपानी में कितने परिवार हैं जो विद्युत से वंचित है ? क्या सरकार विद्युतीकरण हेतु धन स्वीकृत करायेगी ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>13.08.2015 | 70. **प्रथम शुक्रवार के अतारांकित 21 में स्थाना0**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 01 नवम्बर, 2014 को खेल एवं सांस्कृतिक मंच कैम्पटी जौपनुर से मा0 मुख्यमंत्री द्वारा पालिटेक्निक कालेज की घोषणा करने के पश्चात आज तक शासनादेश नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसका शासनादेश करने पर विचार कर रही हे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **घोषणा** |
| श्री मालचन्द<br>13.08.2015 | 71. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में बागवानों को दवाईयों समय पर उपलब्ध नहीं होती है ? यदि हां, तो क्या सरकार रियायती दरों पर दवाईयां समय पर उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री मालचन्द<br>13.08.2015 | 72. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला में बागवानी के क्षेत्र के केन्द्र बिन्दु में सरकार शीत गृह बनाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>13.08.2015 | 73. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि नाग जगई–फेगू–बरम्वाड़ी–टेमरिया–गिवाड़ी गांव मोटर मार्ग की स्वीकृति शासन के पत्र सं0 2555 / आई0आई0आई0–2 / 06–41 / प्रा0अ0 / 2006 दिनांक 27 सिम्बर, 2006 द्वारा दी जा चुकी है ? यदि हां, तो क्या मार्ग का निर्माण टेमरिया गांव तक पूर्ण किया जा चुका है तथा मार्ग की अनुमानित लागत क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि मार्ग में क्या क्या कार्य अवशेष हैं एवं क्या क्या कार्य पूर्ण किये जा चुके हैं एवं विगत 09 वर्षों से कार्य पूर्ण न होने के क्या कारण हैं ? यदि हां, तो ब्योरा क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 14.08.2015 | 74. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के ग्राम हरिपुर सोन में भूकटाव की रोकथाम हेतु नाले के निर्माण के संबंध में प्रश्नकर्ता के पत्रांक 3635/मंत्री/8–सिंचाई/2013–14 दिनांक 26.08.2013 के संदर्भ में कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी, हल्द्वानी के पत्रांक 678 दिनांक 21.09.2013 के द्वारा विकास खण्ड प्रभारी रामनगर को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं ? यदि हां, तो दिए गए निर्देशों के अनुपालन हेतु की गई कार्यवाही का विवरण क्या है तथा प्रस्तावित नाले के निर्माण हेतु की गई कार्यवाही और हुई प्रगति की अद्यतन स्थिति क्या है ? | **कृषि** |
| कुंवर प्रणव सिंह 'चैम्पियन' 14.08.2015 | 75. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार में विगत दो वर्ष की जिला योजना (सन 2013–14 एवं 2014–15) के प्रस्ताव जो मा0 विधायकों द्वारा प्रेषित कर स्वीकृत कर दिए गए थे, एक वर्ष के पश्चात भी कोई धनराशि जारी नहीं किये जाने के कारण कोई विकास कार्य जनपद हरिद्वार में नहीं हो पा रहा है ? क्या राज्य सरकार जनहित में उपरोक्त का संज्ञान लेकर अविलम्ब यथोचित धनराशि जनपद हरिद्वार हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 14.08.2015 | 76. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कपकोट विधान सभा क्षेत्र में विगत वर्ष दैवीय आपदा के कारण रा0प्रा0 विद्यालय कीमू (लीती) के भवन में बोल्डर गिर जाने से छत पूर्ण रूप से ध्वस्त हो गयी है ? यदि हां, तो क्या विद्यालय के भवन निर्माण हेतु धन आवंटित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री ललित फर्स्वाण 14.08.2015 | 77. क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कपकोट विधान सभा क्षेत्र में विगत वर्ष दैवीय आपदा के कारण भारी मात्रा में मलवा रा0प्रा0 विद्यालय फरसाली के प्रांगण एवं कमरों में जमा हो गया है ? यदि हां, तो क्या विद्यालय की चार दिवारी हेतु धन आवंटित किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.08.2015 | 78. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि सरकार द्वारा लोकसभा चुनाव से पहले अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में चिमटाखाल–चौरघट्टी मोटर मार्ग के 31 कि0मी0 में हाटमिक्स सुधारीकरण हेतु शासनादेश करते हुए 0.10 हजार की टोकन राशि भी अवमुक्त की गई थी ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि 01 वर्ष 04 महीने बीत जाने के उपरान्त भी हॉटमिक्स सुधारीकरण का कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है और मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाने से जनता को काफी कठिनाई हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार शासनादेश का पालन करते हुए शीघ्र कार्य प्रारम्भ करायेगी और जनता को राहत प्रदान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.08.2015 | 79. **स्थगित।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले में स्थित निर्माण खण्ड रानीखेत व प्रान्तीय खण्ड रानीखेत द्वारा वर्ष 2002 से आज समय तक कितनी योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया ? उनका वर्षवार विवरण देते हुए कार्य पूर्ण होने का समय क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे ? क्या मंत्री जी वर्ष 2002 से आज तक होने वाले व्यय का विवरण भी वर्षवार देने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 14.08.2015 | 80. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि गैरखेत–वल्मरा–सराईखेत मोटरमार्ग का शासनादेश 36 कि0मी0 में सराईखेत मोटर मार्ग में मिलान हेतु था और इस हेतु भारत सरकार से वन भूमि हेतु स्वीकृति भी प्रदान की गई थी ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि अधिकारियों द्वारा मोटर मार्ग को सराईखेत मिलान न करने के स्थान पर अन्यत्र ले जाने के कारण आज समय तक भी मोटर मार्ग का निर्माण सराईखेत तक न होने से मोटर मार्ग औचित्यहीन हो गया है इस कारण जनता को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार शीघ्र वन भूमि स्वीकृति मोटर मार्ग का सराईखेत तक निर्माण करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मालचन्द 14.08.2015 | 81. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में ओला वृष्टि से नुकसान का बीमा हिमाचल के तर्ज पर करने पर सरकार विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |
| श्री बिशन सिंह चुफाल 14.08.2015 | 82. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।** क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 में मा0 मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से जनपदवार कुल कितनी धनराशि स्वीकृति की गयी ? क्या मुख्यमंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश से बाहर कितनी धनराशि स्वीकृति की गयी है ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा 14.08.2015 | 83. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत साधुनगर से सिडकुल सम्पर्क मार्ग होते हुए कैलाश नदी पर पुल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा 14.08.2015 | 84. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कृषि उप–मण्डी का उच्चीकरण करने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **कृषि** |
| श्री दान सिंह भण्डारी 14.08.2015 | 85. क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल के अन्तर्गत विकासखण्ड रामगढ़ धारी ओखलकाण्डा भीमताल में विगत वर्ष में हुई अतिवृष्टि से पुलम, खुमानी, आडू, नाशपाती व अन्य फलों को काफी नुकसान हुआ ? यदि हां, तो क्या सरकार किसानों की आजीविका के लिये मुआवजा बढाने के साथ फल शीतगृह की सुविधा के साथ व क्षेत्र का पुनः सर्वे करा कर किसानों को मुआवजा देगी ? | **उद्यान** |
| श्रीमती अमृता रावत 17.08.2015 | 86. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के कतिपय क्षेत्रों में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगायें जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के 619/मंत्री/16–ऊर्जा/2013–14 दिनांक 13 फरवरी, 2014 के संदर्भ में उप मुख्य परियोजना अधिकारी, उत्तराखण्ड अक्षय उर्जा विकास अभिकरण (उरेडा) के पत्रांक 2966–उरोडा/03(1)–279–11 वी0आई0पी प्रकरण/2012–13 दिनांक 22 मार्च, 2014 के अनुपालन हेतु की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा प्रस्तावित स्थलों/ग्रामों में कब तक सोलर स्ट्रीट लाईटें लगाई जायेंगी ? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती अमृता रावत 17.08.2015 | 87. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकास खण्ड जयहरीखाल के अन्तर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैण में सोलर पावर प्लान्ट की स्थापना करने के संबंध में वरिष्ठ परियोजना अधिकारी उरेड़ा पौड़ी के पत्रांक 556/उरेडा–पौड़ी–सोलर प्लान्ट/2012–13 दिनांक 28 फरवरी, 2014 पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि कब तक जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैण, पौड़ी गढ़वाल में सोलर प्लान्ट की स्थापना की जायेगी ? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| श्रीमती अमृता रावत 17.08.2015 | 88 क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रभागीय वनाधिकारी, नरेन्द्रनगर वन प्रभाग मुनीकीरेती के माणिकनाथ और कीर्तिनगर परिक्षेत्रों के अन्तर्गत ग्रामों में मानव–गुलदार संघर्ष की घटनाओं को रोकने हेतु आम रास्तों पर सोलर लाईटें लगाये जाने के संबंध में प्रश्नकर्ता के पृष्ठांकन 918/मंत्री/16–ऊर्जा/2013–14 दिनांक 27.03.2014 द्वारा अग्रसारित मा0 मंत्री उत्तराखण्ड सरकार के पत्रांक 3693 दिनांक 05.03.2014 में वर्णित तथ्यों पर की गई कार्यवाही और अब तक हुई प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक प्रस्तावित क्षेत्र में सोलर लाइटें स्थापित की जायेगी ? | **वैकल्पिक ऊर्जा** |
| श्री दलीप रावत 17.08.2015 | 89 क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2013 से वर्तमान समय तक जिला पौड़ी गढवाल में क्या कोई नई सड़कें स्वीकृत हुई हैं ? यदि हां, तो क्या उक्त स्वीकृत सड़कों में कटान कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है तथा उनका विवरण क्या है ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा 17.08.2015 | 90 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत चैतुआखेड़ा–देवीपुर सम्पर्क मार्ग पर पुल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| डा0 प्रेम सिंह राणा 17.08.2015 | 91 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के नानकमत्ता विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत पीपलगोला–बरकीडांडी नाला में पुल बनाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 17.08.2015 | 92 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि भारत सरकार से वनभूमि की स्वीकृति न मिल पाने के कारण राज्य सरकार पर्वतीय क्षेत्रों में मोटर मार्गों का निर्माण नहीं कर पा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार सल्ट विधान सभा की वल्मरा–स्याल्दे–केदार मोटर मार्ग जिसकी वन भूमि की स्वीकृति प्राप्त हुए लगभग 05 वर्ष से अधिक हो गये हैं उनका शीघ्र निर्माण कार्य प्रारम्भ कराएगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 17.08.2015 | 93 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि आर0ई0एस0 विभाग द्वारा मोहान–रानीखेत मोटर मार्ग से तल्ला सल्ट के खोल्यों गांव के लिए मोटर मार्ग का निर्माण किया गया है ? यदि हां, तो क्या मार्ग को बनाने के लिए उनके द्वारा लो0नि0वि0 से कोई स्वीकृति ली गई है ताकि मुख्य मोटर मार्ग को कोई खतरा न हो ? यदि नहीं, तो क्या इस प्रकार की स्वीकृति की कोई जरूरत नहीं है ? क्या विभाग इसके लिए कोई कार्यवाही करेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 17.08.2015 | 94 क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के ग्राम पंचायत गैनाली ग्राम गैराड में पांच अनुसूचित परिवारों के मकान वर्ष 2014 में ध्वस्त हो गये थे ? क्या सरकार प्रभावित परिवारों को आवास हेतु धन स्वीकृति करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 17.08.2015 | 95 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के भागीचोरा, शक्तिपूर, बगना मोटर मार्ग का निर्माण कार्य कब से बन्द है और उक्त मोटर मार्गों के निर्माण कार्य के बन्द होने के क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि सड़क का पहाड़ कटिंग का कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 17.08.2015 | 96 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के सिगाली, बसतड़ी, उड़मा, डिगरा सड़क में निर्माण कार्य हेतु ठेकेदारों के अनुबन्ध की तिथि क्या है ? क्या अनुबन्धों के शर्तों पर कार्य पूर्ण किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त सड़कों का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिह रांगड़ 17.08.2015 | 97 क्या जलागम मंत्री अवगत हैं कि विकास खण्ड जौनपुर की सबसे उपजाऊ पट्टी दशज्यूला के सभी 35 ग्राम पंचायतें व छज्यूला पट्टी की 01 ग्राम पंचायत राष्ट्रीय जलागम परियोजना से वंचित रखी गयी है जिसमें आलू, फल एवं सब्जी की उपज की जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि वर्ष 2010 एवं विगत वर्ष जून 2013 को आयी भारी आपदा से क्षेत्र की समस्त सिंचाई भूमि पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गयी थी ? क्या यह सत्य है कि उक्त सभी ग्राम पंचायत अगलाड नदी के उद्गम स्थल पर स्थित है जिससे इन ग्राम पंचायतों को भूस्खलन एवं बाढ का खतरा बना रहता है ? क्या सरकार उक्त ग्राम सभाओं को जलागम परियोजना से आच्छादित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **जलागम** |
| श्री महावीर सिह रांगड़ 17.08.2015 | 98 क्या उद्यान मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के अन्तर्गत धनोल्टी आलू फार्म को उद्यान विभाग द्वारा आई0जी0एल0 कम्पनी की लीज में औषधीय पौधों को लगाने के लिए दिया गया था जिनके द्वारा उक्त फार्म को 01–02 वर्ष इस्तेमाल करने के पश्चात अब उस आलू फार्म को किसी प्रकार से सदुपयोग में नहीं लाया जा रहा है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस फार्म को उद्यान विभाग राजकीय आलू बीज संवर्द्धन प्रक्षेत्र धनोल्टी के नाम से आलू बीज का उत्पादन करता था जिससे स्थानीय काश्तकारों को आलू की खेती के लिए यहां से प्रमाणित बीज उपलब्ध होता था ? क्या सरकार इस कम्पनी से वापस उद्यान विभाग को देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **उद्यान** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मालचन्द 17.08.2015 | 99 | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के विकासखण्ड मोरी के कई गांव हर वर्ष अग्नि काण्ड के चपेट में आ रहे हैं जहां लोगों को लकड़ी कसे निर्मित कई लाख रूपये के मकान जलकर राख हो रहे हैं ? क्या मंत्री जी आपदा मानक 2012–13 के मानकों के अनुसार मकानों का मुआवजा देने पर विचार करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |
| श्री मालचन्द 17.08.2015 | 100 | क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों के लिए पर्यटकों के आने जाने के लिए छोटे छोटे हैली पैड पर्यटक स्थलों पर बनाऐ जायेंगे जिससे क्षेत्र में रोजगार बढेगा ? यदि हां, हो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नागरिक उड्डयन** |